तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अनिल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 87/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/11/2024	अपीलार्थी अनिल निवासी 10/219, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 14.08.2024 को मॉ खदीजा इंस्टिटयूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज जोधपुर से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर–द्वितीय, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 2203 दिनांक 26.11.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र में चाही गई सूचना से राज्य लोक सूचना अधिकारी राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, जयपुर से संबंधित होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत पत्रांक 2055 दिनांक 21.08.2024 को अंतरण किया गया, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठांकित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2? 17:59:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12034628